पंजाब केसरी 21/03/2024

# शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच हुआ मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच

अम्बाला, 20 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज, अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स विभाग एवं ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल [illegible]ैस ओस्का के संयुक्त तत्वाधान [illegible] सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का सफल आयोजन किया गया। खेल का आगाज प्राचार्य डा. रोहित दत्त की गेंदबाजी से हुआ।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के आयोजन का उद्देश्य शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच मित्रता को बढ़ावा देना, उनमें आत्मविश्वास को बढ़ाना और टीमवर्क को बढ़ावा देना है। कालेज के स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष, डा. ब्रजेश ने बताया कि मैच में कालेज के विभिन्न विभागों के सभी स्टाफ सदस्यों एवं गैर सरकारी सदस्यों को एक साथ मिलकर मैदान में उतरने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

स्पोर्ट्स विभाग की प्राध्यापिका रूपाली ने बताया कि क्रिकेट मैच में गैर शिक्षक कर्मचारियों ने जीत हासिल की। इस क्रिकेट मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब 59 रन बनाकर अंकित सैनी ने प्राप्त किया। मैच में विनर व मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी ओस्का द्वारा भेंट की गई।

ट्रॉफी के साथ खुशी जाहिर करते विजेता टीम। (बृजमोहन)